Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 27-07-2006

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

>

Title : Need to check the rise in prices of essential commodities.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं देर से उपस्थित होने के लिए क्षमा चाहता हूं। इसे आप मेरा दुर्भाग्य या सौभाग्य कहिए कि मैं जिस महंगाई के मुद्दे को उठाना चाहता हूं, उसी पर आज सदन में बहस होने जा रही है।

महोदय, वर्तमान में देश में महंगाई बढ़ती जा रही है। इस समय जनता को बड़ी परेशानी हो रही है और उपभोक्ताओं की सभी वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। इसके साथ-साथ डीजल और पैट्रोल के दाम भी एक वर्ा में तीन से चार बार बढ़ा दिए गए हैं, जिससे गरीब जनता को इन सभी चीजों से वंचित होना पड़ रहा है। अगर इस महंगाई पर रोक नहीं लगायी गयी और ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में गरीब जनता को अपना निर्वाह करना मुश्किल हो जाएगा।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि बढ़ती महंगाई को रोकन के तुरन्त उपाय करे, जिससे गरीब जनता अपना जीवन निर्वाह कर सके।

मैं चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी महंगाई को रोकने के बारे में उत्तर दें।